# हो गयी दीवानी तेरी सांवरिया | Muskan Sharma

हो गई दीवानी तेरी मैं सांवरिया
हो गई दीवानी तेरी मैं

विष का प्याला पी गई मीरा
तुझ संग मोहन प्रीत लगा के
भक्ति की तुमने लाज है राखी
उसको सांवरिया रे बचा के
मुझको भी ऐसी भक्ति दो मोहन
कभी छूटे न तेरी डगरिया
हो गई दीवानी तेरी मैं सांवरिया
हो गई दीवानी तेरी मैं

प्रेम के रंग में ऐसी रंगी मैं
अब ये रंग ना उतरे कभी भी
खुद को भूली जग को भूली
एक बस याद है स्याम तू ही
मीरा के जैसी मैंने भी ओढ़ी

दुनिया चाहे कुछ भी बोले
दुनिया की अब मैं क्यूँ मानू
प्रीत ये मेरी सच्ची है मोहन
तू जाने या बस मैं जानू
तेरे चरणों में मोहन मुस्कान की सारी
बीते ये सारी उमरिया
हो गई दीवानी तेरी मैं सांवरिया
हो गई दीवानी तेरी मैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf/